










दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# एक पौधा सौ सुख के दूसरे दिन नगर निगम मोगा में पौधौरोपण मुहिम चलाई



पौधारोपण करते नगर निगम के चीफ सैनेटरी इंस्पैक्टर संदीप कटारिया, चीफ सुमन कुमार सैनेटरी इंस्पैक्टर, जगसीर सिंह सैनेटरी इंस्पेक्टर व अन्य।

**सवेरा न्यूज/गुलाटीमोगा, 6 जून :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत आज नगर निगम मोगा के कमिश्नर चारुमिता, मेयर बलजीत सिंह चानी की अगुवाई में सैनीटेशन शाखा द्वारा पौधे लगाओ-वातावरण बचाओ ड्राइव दूसरे दिन भी जारी रही। इसके तहत शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। इस मौके पर स्वच्छ टीम के चीफ इंस्पैक्टर संदीप कटारिया ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधों की देखभाल करनी चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में बढ़ रही गर्मी को कुछ हद तक कंट्रोल किया जा सके। इस मौके पर चीफ सैनेटरी इंस्पैक्टर संदीप कटारिया, चीफ सुमन कुमार सैनेटरी इंस्पैक्टर, जगसीर सिंह सैनेटरी इंस्पैक्टर, गुरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, सुनील कुमार, सी.एफ. डिंपल, ममता रानी, जे.ई. हरसिमरत कौर मौजूद थे।

Sat. 07 June 2025

